भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या +125**
उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

## युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'युवा कनेक्ट' का शुभारंभ

**+125. श्रीमती भारती पारधीः**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए उचित योजना की आवश्यकता है;

(ग) यदि हां, तो वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा तैयार की गई योजना का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में युवाओं को उनकी जिम्मेदारी के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए 'युवा कनेक्ट' पहल शुरू की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) विशेष रूप से बालाघाट, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को विकसित भारत में योगदान करने के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत छात्रों की राज्यवार संख्या कितनी है ?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): जी हां।

(ग): युवाओं की क्षमता का दोहन करने तथा उनकी रचनात्मक ऊर्जा का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए, युवा कार्यक्रम विभाग, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करता है अर्थात युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना तथा उन्हें अपने क्षेत्रीय संगठनों और विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना।

उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने में लगी हुई है। एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है।

इसी प्रकार से, नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) अपने विभिन्न कार्यक्रमों और उपायों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण और नागरिक सहभागिता के लिए कार्य करता है।

इसके अलावा, हाल ही में, एक व्यापक सक्षम तंत्र- मेरा युवा भारत (माई भारत) जो युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, की स्थापना की गई, जो अमृत काल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवाओं के विकास और युवा नेतृत्व जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

माई भारत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है (https://www.mybharat.gov.in/), जिस पर देशभर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवा अवसरों में साइनअप कर सकते हैं। परिकल्पित फिजिटल (भौतिक + डिजिटल) इकोसिस्टम का उद्देश्य युवा व्यक्तियों को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त बनाना है। अब तक, 1.65 करोड़ से अधिक युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं।

(घ) और (ड.): युवाओं के बीच 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, भारत के विकासात्मक परिवर्तन में युवाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "युवा कनेक्ट" कार्यक्रम की संकल्पना की गई है। ये कार्यक्रम पूरे भारत में शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं के साथ विकसित भारत की अवधारणा पर चर्चा के लिए आयोजित किए जाते हैं। युवाओं को प्रख्यात वक्ताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिलता है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय पहचान, नागरिक जुड़ाव, सामाजिक सामंजस्य, मानव पूंजी विकास, आलोचनात्मक सोच और सशक्तिकरण जैसे मूल्यों पर जोर दिया जाता है, ताकि छात्र अपने समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। ये बातचीत न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ाती है बल्कि पूरे राष्ट्र के ताने-बाने को भी मजबूत करती है। आयोजित युवा कनेक्ट कार्यक्रमों और भाग लेने वाले छात्रों की संख्या का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(च): माई भारत पोर्टल पर राज्यवार पंजीकृत युवाओं की संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है और महाराष्ट्र राज्य में माई भारत पोर्टल पर जिलेवार पंजीकृत युवाओं की संख्या **अनुबंध-III** में दी गई है। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से कुल 18,545 युवाओं ने माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

*****

**अनुबंध-I**

दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (घ) एवं (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

आयोजित युवा कनेक्ट कार्यक्रमों का विवरण और इसमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या

| **क्र.सं.** | **संस्था का नाम** | **भाग लेने वाले छात्रों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | एसपी कॉलेज, पुणे, महाराष्ट्र | 600 |
| 2. | विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुणे, महाराष्ट्र | 800 |
| 3. | टीकाराम जगनाथ कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पुणे, महाराष्ट्र | 550 |
| 4. | प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसाइटी (पीईएस) मॉडर्न कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे, महाराष्ट्र | 700 |
| 5. | नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के छात्र, मुंबई, महाराष्ट्र | 900 |
| 6. | डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी - फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे, महाराष्ट्र | 800 |
| 7. | एमआईटी- डब्ल्यूपीयू, कोथरुड , पुणे, महाराष्ट्र | 3,000 |
| 8. | एमआईटी – एडीटी, लोनी कलभोर , पुणे, महाराष्ट्र | 1,179 |
| 9. | रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड | 495 |
| 10. | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड | 448 |
| 11 | डॉ. डी वाई पाटिल विश्वविद्यालय, मुंबई, महाराष्ट्र | 489 |
| 12. | के जे सोमैया इंस्टीट्यूशंस, मुंबई, महाराष्ट्र | 502 |
| 13. | एमिटी यूनिवर्सिटी, रांची, झारखंड | 579 |
| 14. | हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | 712 |
| 15. | कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | 1,206 |
| **कुल प्रतिभागी** | | **12,960** |

**अनुबंध-II**

दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं की राज्यवार संख्या

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल पंजीकृत युवा** |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 16,894 |
| आंध्र प्रदेश | 5,28,874 |
| अरुणाचल प्रदेश | 29,250 |
| असम | 4,62,396 |
| बिहार | 3,71,446 |
| चंडीगढ़ | 49,323 |
| छत्तीसगढ | 3,27,537 |
| दिल्ली | 3,17,328 |
| गोवा | 30,611 |
| गुजरात | 6,35,146 |
| हरियाणा | 4,18,483 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,49,562 |
| जम्मू और कश्मीर | 4,53,840 |
| झारखंड | 2,45,531 |
| कर्नाटक | 4,86,017 |
| केरल | 3,16,932 |
| लद्दाख | 21,298 |
| लक्षद्वीप | 3,197 |
| मध्य प्रदेश | 8,47,784 |
| महाराष्ट्र | 9,18,180 |
| मणिपुर | 14,613 |
| मेघालय | 21,661 |
| मिजोरम | 45,702 |
| नगालैंड | 27,303 |
| ओडिशा | 3,37,766 |
| पुदुचेरी | 30,479 |
| पंजाब | 3,91,994 |
| राजस्थान | 15,21,695 |
| सिक्किम | 22,359 |
| तमिलनाडु | 6,76,430 |

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल पंजीकृत युवा** |
|---|---|
| तेलंगाना | 1,92,503 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 7,570 |
| त्रिपुरा | 60,127 |
| उत्तर प्रदेश | 16,49,358 |
| उत्तराखंड | 1,96,780 |
| पश्चिम बंगाल | 4,85,939 |
| (राज्यों का मानचित्रण नहीं किया गया है) | 42,39,024 |
| **कुल योग** | **1,65,50,932** |

**अनुबंध-III**

दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

महाराष्ट्र राज्य में माई भारत पोर्टल पर जिलेवार युवा पंजीकरण

| **ज़िला** | **कुल पंजीकृत युवा** |
|---|---|
| अहमदनगर | 28,303 |
| अकोला | 18,237 |
| अमरावती | 22,804 |
| बीड | 16,074 |
| भंडारा | 10,807 |
| बुलढाना | 18,597 |
| चंद्रपुर | 20,351 |
| छत्रपति सांभाजीनगर (औरंगाबाद) | 18,906 |
| धुले | 15,292 |
| गढ़चिरोली | 9,318 |
| गोंदिया | 17,655 |
| हिंगोली | 7,370 |
| जलगांव | 30,249 |
| जलना | 11,427 |
| कोल्हापुर | 24,490 |
| लातूर | 21,164 |
| मुंबई | 33,752 |
| मुंबई उपनगरीय | 16,480 |
| नागपुर | 48,566 |
| नांदेड़ | 19,131 |
| नंदुरबार | 10,644 |
| नासिक | 37,448 |
| उस्मानाबाद | 10,607 |
| पालघर | 14,635 |
| परभनी | 12,111 |
| पुणे | 78,900 |
| रायगढ़ | 18,788 |
| रत्नागिरि | 17,372 |
| सांगली | 18,924 |
| सतारा | 30,114 |

| **ज़िला** | **कुल पंजीकृत युवा** |
|---|---|
| सिंधुदुर्ग | 9,498 |
| सोलापुर | 26,011 |
| थाणे | 45,633 |
| वर्धा | 12,710 |
| वाशिम | 9,703 |
| यवतमाल | 25,963 |
| (जिले मानचित्रित नहीं हैं) | 1,30,146 |
| **कुल योग** | **9,18,180** |

*****